सांसद पुत्र जय ज्ञानेश्वर पाटील के आशीर्वाद समारोह में अपनत्व का प्रेम

आशीर्वाद, संस्कार और स्नेह का संगम... समारोह स्थल का सांसद ने किया अवलोकन, सभी ने स्वयं ली जिम्मेदारियां कहा यह हमारा पारिवारिक आयोजन

बुरहानपुर। खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील के सुपुत्र जय पाटील के आशीर्वाद समारोह को लेकर बुरहानपुर सहित पूरे निमाड़ अंचल में आत्मीय उत्साह का माहौल है। यह समारोह 1 मार्च शाम को बुरहानपुर स्थित रेणुका कृषि उपज मंडी में संपन्न होगाए जहां परिवार, समाज और शुभचिंतकों की उपस्थिति में संस्कार, स्नेह और आशीर्वाद की सुंदर छवि देखने को मिलेगी। यह आयोजन किसी औपचारिक कार्यक्रम से अधिक एक पारिवारिक उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। रिश्तेदारोंए मित्रोंए समाजजनों और शुभचिंतकों के साथ.साथ विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य अतिथि जय पाटील को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

संस्कारों से संवरता भविष्यः- आशीर्वाद समारोह भारतीय परंपरा में जीवन की नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। इसी भावभूमि पर आयोजित यह कार्यक्रम परिवार के संस्कारों, बड़ों के मार्गदर्शन और समाज के स्नेह का

प्रतीक बनेगा। आयोजन स्थल पर सादगी, गरिमा और आत्मीयता का विशेष ध्यान रखा जाएगा,जिससे प्रत्येक आगंतुक स्वयं को परिवार का हिस्सा महसूस कर सके।

समाज का स्नेह, परिवार की ताकतः-इस अवसर पर केंद्रीय व प्रदेश स्तर के गणमान्यजन,सांसद,विधायक,जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन के पदाधिकारी और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग पारिवारिक स्नेह के साथ उपस्थित रहेंगे। सभी की मौजूदगी इस बात का प्रमाण होगी कि पारिवारिक रिश्ते और सामाजिक सरोकार ही किसी भी व्यक्ति की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। रेणुका कृषि उपज मंडी में होने वाला यहआयोजन आशीर्वाद, अपनत्व और शुभेच्छाओं का ऐसा संगम बनेगा, जो लंबे समय तक स्मरणीय रहेगा। 1 मार्च को बुरहानपुर साक्षी बनेगा जहां शब्द कम होंग, भावनाएं अधिकय जहां मंच से ज्यादा दिलों का जुड़ाव दिखाई देगा।

भगोरिया हाट में चलाया गया विशेष जागरूकता अभियान

पुलिस द्वारा टेंट में मोटिवेशन होडिंग लगाकर पंपलेट वितरित कर किया जागरूक

बुरहानपुर। बुरहानपुर पुलिस द्वारा आगामी भगोरिया पर्व को दृष्टिगत रखते हुए जिले में विशेष जन.जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में आयोजित भगोरिया हाट बाजारों में महिला संबंधी अपराधों, साइबर अपराधों से बचाव एवं नशामुक्ति विषयों पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।' अभियान का उद्देश्य भगोरिया हाट में बड़ी संख्या में उपस्थित जनमानस को सुरक्षाए सतर्कता एवं सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करना।

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश,नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल,एसडीओपी नेपानगर निर्भय सिंह अलावा के मार्गदर्शन मेंअभियान के संचालित किया गया। दिनांक 27/02/2026 को अधिकारियों द्वारा जिले में लगने वाले भगोरिया हॉट बाजार

में उपस्थित आमजन से संवाद कर महिला सुरक्षा, साइबर ठगी से बचाव, यातायात सुरक्षा एवं नशा मुक्त समाज निर्माण हेतु प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के प्रमुख बिंदु- महिलाओं के विरुद्ध अपराधों से बचाव एवं सहायता हेतु उपलब्ध कानूनी प्रावधानों की जानकारी। साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया सुरक्षा आदि विषयों पर जागरूकता। नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत नशे से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी एवं नशा छोडऩे हेतु प्रेरणा साथ ही उपस्थित लोगों को नशे छोडऩे हेतु शपथ भी दिलवाई गई। एवं यातायात नियमों का पालन करने के संबंध मे जागरूक किया गया। डायल.112, महिला हेल्पलाइन 181ए साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं पुलिस सहायता सेवाओं की जानकारी।

थाना क्षेत्रवार आयोजित कार्यक्रम- थाना शाहपुर क्षेत्र , ग्राम फोफनार में थाना शाहपुर से उप निरीक्षक राधिका सोलंकी एवं स्टाफ द्वारा ग्राम फोफनार में आयोजित भगोरिया हाट में उपस्थित जनमानस को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध एवं नशामुक्ति विषयों पर जागरूक किया गया।

थाना नेपानगर क्षेत्र : ग्राम नावरा में लगे, भगोरिया हाट बाजार में चौकी प्रभारी नावरा उप निरीक्षक हेमेंद्र सिंह चौहान एवं स्टाफ द्वारा भगोरिया हाट बाजार में ग्राम वासियों को महिला संबंधी अपराधों, साइबर अपराधों से बचाव एवं नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया गया।

बुरहानपुर पुलिस की अपील :- किसी भी आपात स्थिति में डायल.112 पर तत्काल सूचना दें। साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। महिलाएं किसी भी समस्या में 181 महिला हेल्पलाइन का उपयोग करें। नशा मुक्त समाज निर्माण में सहयोग कर स्वयं भी नशे से दूर रहें एवं दूसरों को भी प्रेरित करें।

बैच.1 प्रथम चरण में ई.टेण्डर एवं ई.टेण्डर कम ऑक्शन के माध्यम से निष्पादन प्रक्रिया

बुरहानपुर। सर्वसाधारण एवं आबकारी के फुटकर ठेकेदारों की जानकारी के लिए सूचना प्राकाशित की जाती है कि वित्तीय वर्ष 2026.27 की संपूर्ण अवधि ;अर्थात् 1 अप्रैलए 2026 से 31 मार्चए 2027 तक की अवधि के लिये बुरहानपुर जिले के 15 मदिरा समूहों में सम्मिलित 44 कम्पोजिट मदिरा दुकानों में से 5 मदिरा समूह ;15 कम्पोजिट मदिरा दुकानों का पोर्टल द्वारा रेंडमली चयनित बैच.1 प्रथम चरण में ई.टेण्डर एवं ई.टेण्डर कम ऑक्शन के माध्यम से निष्पादन जिला कलेक्टर बुरहानपुर की अध्यक्षता में गठित जिला निष्पादन समिति द्वारा निष्पादन स्थल कलेक्टरेट कार्यालय सभाकक्ष में किया जायेगा। मदिरा दुकानों के निष्पादन के संबंध में नीति निर्देश आबकारी विभाग की वेबसाईट से प्राप्त किये जा सकते है।

ई.टेण्डर ;ई.टेण्डर एवं ई.टेण्डर कम ऑक्शन हेतु ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र डाउनलोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि एवं समय 27 फरवरी प्रातः 10 बजे से 2 मार्च 2026 दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है। ई.टेण्डर कम ऑक्शन प्रपत्र 2 मार्च को दोपहर 2:05 बजे से खोले जायेंगे, ई.टेण्डर कम ऑक्शन अंतर्गत ऑक्शन प्रांरभ एवं बंद होने की तिथि 2 मार्च 2026 दोपहर 3:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक ;तत्पश्चात 15 मिनिट के अंतराल में बोली दिये जाने पर आगामी 15 मिनिट के लिए समयावधि में वृद्धि है।

25 फरवरी से 2 मार्च तक विशाल प्राकृतिक चिकित्सा शिविर

बुरहानपुर गायत्री परिवार के रचनात्मक केंद्र गौलोक धाम खड़कोद आश्रम में दिनांक 25 फरवरी से 2 मार्च तक चल रहे विशाल प्राकृतिक चिकित्सा शिविर के तीसरे दिन साधकों में विशेष उत्साह और जागरूकता देखने को मिली। प्रातःकालीन सत्र में योग, प्राणायाम, जलनेति, मिट्टी लेप, सूर्यभाप्य तथा आहार चिकित्सा सहित अनेक प्राकृतिक उपचारों का लाभ प्रतिभागियों को प्रदान किया गया। प्राकृतिक चिकित्सक सुरेश चौधरी ने बताया कि शरीर शुद्धि हेतु आयोजित यह शिविर प्राकृतिक पद्धतियों के माध्यम से शरीर के भीतर संचित विषैले तत्वों ,टॉक्सिन को बाहर निकालने में सहायक है। नियमित प्राकृतिक चिकित्सा अपनाने से मोटापा, कब्ज, गैस, एसिडिटी,ब्लड प्रेशर, शुगर जैसी जीवनशैली जनित समस्याओं में लाभ मिलता है और शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है। शनिवार को वमन क्रिया के साथ विशेष चिकित्सा सत्र आयोजित किया जाएगा तथा रविवार को शंखप्रक्षालन की क्रिया संपन्न होगी, जिससे पाचन तंत्र की शुद्धि होकर तन.मन दोनों स्वस्थ एवं प्रसन्न बनते हैं। शिविर में सहभागियों को यह प्रेरणा दी गई कि वे प्रकृति के निकट रहकर सादाए संतुलित और सात्विक जीवनशैली अपनाएं। श्आओ चलें संस्कारों और स्वास्थ्य की ओरश् के संदेश के साथ यह शिविर समाज में प्राकृतिक जीवन पद्धति के प्रति जागरूकता का सशक्त माध्यम बन रहा है। दीपक कापडिय़ा ने बताया रविवार को गौलोक धाम वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में स्वास्थ्य गोष्ठी के साथ सभी को प्राकृतिक आहार दिया जाएगा।

ईद, होलीका दहन, धूलंडी को लेकर पुलिस एवं प्रशासन की बैठक

बुरहानपुर। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह,पुलिस अधीक्षक श्री देवेंद्र पाटीदार द्वारा आगामी त्यौहार ईद्द होलीका दहन, धूलंडी को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया था। निर्देशों के पालन में आज दिनांक 27/02/2026 एडीएम बुरहानपुर श्री वीरसिंह चौहान,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अंतरसिंह सिंह,कनेश, डिप्टी कलेक्टर श्री राजेश पाटीदार,एसडीएम श्री अजमेर सिंह गोंड ,नगर निगम कमिश्नर श्री संदीप श्रीवास्तव एवं व्यवस्थाओं से संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं थाना प्रभारी बैठक मैं उपस्थित रहे। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित की जा रही हैं ताकि त्यौहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो।

हकीमी अस्पताल के बोहरा दंपत्ति पर एफआईआर से भड़का परिवार , पूरे प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग

बुरहानपुर। लालबाग रोड स्थित हकीमी अस्पताल एक बार फिर सुर्खियों में है। जैनाबाद निवासी वैष्णवी नागेश चौहान की बच्चादानी के ऑपरेशन के दौरान हुई मौत और कुछ ही दिनों बाद उनके पति नागेश चौहान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद दर्ज एफआईआर ने नए सवाल खड़े कर दिए हैं।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए महेश सिंह चौहान ने कहा कि पुलिस ने अस्पताल संचालक डॉ.मुफज्जल बोहरा और डॉ.रिहाना बोहरा पर लापरवाही का मामला दर्ज किया है, लेकिन मृतकों के परिजन इस कार्रवाई से नाराज हैं। उनका आरोप है कि इतनी गंभीर घटना के बाद भी केवल गैर इरादतन हत्या की धाराओं में केस दर्ज कर पुलिस ने खानापूर्ति की है। पत्रकार वार्ता में महेश सिंह चौहान ने कहा कि वैष्णवी की मौत के दौरान ऑपरेशन थिएटर में छह से सात लोग मौजूद थे। आरोप है कि इनमें कुछ ऐसे लोग भी थे जिनकी डिग्री और योग्यता संदिग्ध है। परिजनों का सवाल हैकृजब पूरी टीम ऑपरेशन में शामिल थी तो सिर्फ बोहरा दंपत्ति पर केस क्योंघ् पूरे अस्पताल प्रबंधन पर हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए। महेश सिंह चौहान का कहना है कि गैर इरादतन हत्या की धारा में थाने से ही जमानत संभव है। ऐसे में आरोपियों को कड़ी सजा मिलना मुश्किल है। परिजन इसे न्याय के साथ खिलवाड़ बता रहे हैं। परिजनों ने दावा किया कि हकीमी अस्पताल में यह पहला मामला नहीं है। पूर्व में भी मौत और गंभीर चिकित्सकीय लापरवाही के आरोप लगे हैं। कुछ मामलों में मरीजों के अंग कटने तक की घटनाएं सामने आईं। इन आरोपों के चलते शहर में पहले भी आक्रोश पनप चुका है। महेश सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग से स्टे मिल गया हैए लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक पत्र परिजनों को नहीं मिला।

संयुक्त समीक्षा बैठक संपन्न

बुरहानपुर। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री सृजन वर्मा ने टीकाकरण कार्य को प्राथमिकता के साथ संचालित करने तथा क्षेत्र में नियमित भ्रमण कर जमीनी स्तर पर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने की बात कही। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे एनआरसी ;पोषण पुनर्वास केन्द्रद्ध में बच्चों की भर्ती बढ़ाने एवं कुपोषित बच्चों की पहचान पर विशेष ध्यान दें। सीईओ श्री वर्मा ने आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं स्वास्थ्य संस्थाओं की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने के निर्देश भी दिए। साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाने एवं पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने पर जोर दिया गया। बैठक में विभागीय अधिकारियों को रजिस्टर संधारण व्यवस्थित रखने तथा योजनाओं की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। सीईओ श्री वर्मा ने कहा किए कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। बैठक में सीएमएचओ डॉ.आर.के.वर्मा,जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमति भारती अवास्या सहित विभागीय अमला मौजूद रहा।

वन अधिकार अधिनियम के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

बुरहानपुर। वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत सामुदायिक वन अधिकारों एवं सामुदायिक वन संसाधन के संरक्षण एवं प्रबंधन के अधिकारों को मान्यता दिये जाने विषय पर संयुक्त जिला कार्यालय के ई.कक्ष केन्द्र में दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान विषय विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को वन अधिकार अधिनियम की प्रमुख धाराओंए दावा प्रक्रियाए ग्राम सभा की भूमिकाए सामुदायिक वन संसाधन मानचित्रण तथा संरक्षण एवं प्रबंधन से जुड़े व्यवहारिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही अधिनियम के तहत प्राप्त अधिकारों के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में शासकीय एवं अशासकीय सदस्यों को अधिनियम के तहत सारगर्भित जानकारियां दी गयी।

प्री.सिटिंग बैठक संपन्न

बुरहानपुर। गुरूवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती आशिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मोटर दुर्घटना, क्षतिपूर्ति दावा प्रकरणों के निराकरण हेतु प्री.सिटिंग बैठक का आयोजन किया गया। मीटिंग में मोटर दुर्घटना,क्षतिपूर्ति दावा प्रकरणों के निराकरण के संबंध में तैयार प्रकरणों की जानकारी ली गयी एवं जिन प्रकरणों में राजीनामा होने की संभावना होने पर सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रदान करने हेतु कहा गया। मीटिंग में प्रथम जिला न्यायाधीश एवं प्रभारी अधिकारी श्री इन्दुकान्त तिवारीए द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री निलेश कुमार जिरेती, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड / सचिव श्री प्रेमदीप सांकला, प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती शीतल बघेल तथा समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटों, जिला विधिक सहायता अधिकारी सुश्री अनुपमा मुजाल्दे, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री सत्यनारायण वाघ, क्लेमेट अधिवक्तागण एवं बीमा कंपनी के अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों का ऐतिहासिक नगर महेश्वर में शैक्षणिक भ्रमण

बुरहानपुर। सेवासदन महाविद्यालय, बुरहानपुर के वाणिज्य संकाय द्वारा महेश्वरः विरासत, हस्तकरघा उद्योग और स्थानीय अर्थव्यवस्था का अध्ययन विषय पर एक सुव्यवस्थित शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस अध्ययन यात्रा में 86 विद्यार्थियों (36 छात्र एवं 50 छात्राएं) ने सक्रिय सहभागिता की। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक परिप्रेक्ष्य में समझाना तथा स्थानीय उद्योग एवं पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था का प्रत्यक्ष अध्ययन कराना था।

विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक नगर महेश्वर का अवलोकन किया, यहाँ स्थित महेश्वर किला का भ्रमण करते हुए अहिल्याबाई होलकर के सुशासन, लोककल्याणकारी नीतियों एवं प्रबंधन दृष्टिकोण को आधुनिक प्रबंधन सिद्धांतों के संदर्भ में समझने का प्रयास किया गया। भ्रमण का एक महत्वपूर्ण भाग स्थानीय हस्तकरघा

इकाइयों का अध्ययन रहा, जहाँ विश्वप्रसिद्ध महेश्वरी साड़ी का निर्माण पारंपरिक तकनीकों से किया जाता है। विद्यार्थियों ने उत्पादन प्रक्रिया, कच्चे माल की उपलब्धता, श्रम विभाजन, लागत निर्धारण, मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग एवं विपणन रणनीतियों का प्रत्यक्ष अध्ययन किया। इस दौरान यह भी समझा गया कि किस प्रकार यह उद्योग स्थानीय रोजगार सृजन, महिला सशक्तिकरण तथा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यार्थियों ने जाना कि पर्यटन, सांस्कृतिक विरासत और हस्तशिल्प उद्योग मिलकर किस प्रकार क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाते हैं। सेवासदन शिक्षा समिति की अध्यक्षा श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंह ठाकुर ने इस पहल को विद्यार्थियों के समग्र बौद्धिक एवं व्यावसायिक विकास हेतु अत्यंत उपयोगी बताया एवं सचिव श्री हसमुखलाल जरीवाला एवं प्राचार्य डॉ. एस. एम. शकील भविष्य में भी ऐसे विषयाधारित शैक्षणिक भ्रमण आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उक्त शैक्षणिक भ्रमण वाणिज्य संकाय के डॉ. विनोद काले, डॉ. रश्मि गोविंदजीवाला, प्रो. मनीष पारीक, प्रो. अर्पिता गड़े, प्रो. रितु शर्मा एवं प्रो. भरत रावल की उपस्थिति में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। विभागाध्यक्ष डॉ. सुशील माहेश्वरी, डॉ. अभिलाषा पांडे, प्रो. शिवानी मेहता एवं प्रो. रिया ठाकुर सहित समस्त प्राध्यापकगण एवं स्टाफ ने इस सफल शैक्षणिक भ्रमण की सराहना की।